वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in
Email:connectpuregistrar@gmail.com

पत्रांकः 9944 / शैक्षणिक / 2026 दिनांक 07.05.2026

कार्यालय–आदेश

एतद्द्वारा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर, जहाँ पीएच०डी० (Ph.D.) शोध कार्य संचालित हो रहा है, को निर्देशित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 (NEP-2020) के अन्तर्गत जारी शासनादेश के अनुपालन में पीएच०डी० प्रवेश सत्र 2024 के 'कोर्स वर्क' का संचालन निम्नलिखित व्यवस्था के अनुसार सुनिश्चत करें–

1. मुख्य विषय (Core Subjects): सम्बन्धित विभाग / महाविद्यालय जहाँ छात्र ने प्रवेश लिया है, वहाँ मुख्य विषय के दो पेपर (प्रत्येक 06 क्रेडिट) हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार नियमित कक्षाएं 18 मई, 2026 से अनिवार्य रूप से प्रारम्भ की जाएं।
2. रिचर्स प्रोजेक्ट (Research Project): शोधार्थियों के शोध प्रोजेक्ट से सम्बन्धित पठन–पाठन एवं मार्गदर्शन की प्रक्रिया भी सम्बन्धित विभाग में उक्त तिथि से ही शुरू की जाएंगी।
3. Research Methodology: प्रश्नपत्र (04 क्रेडिट), जिसमें Research Methodology (including Research Ethics, Plagiarism and Computer Applications) सम्मिलित है, के केन्द्रीय पठन–पाठन की व्यवस्था ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन मोड में की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में पृथक से विस्तृत निर्देश शीघ्र ही जारी किये जाएंगे।
4. पार्ट–टाइम शोधार्थी: पार्ट–टाइम मोड में पंजीकृत छात्रों के लिए मुख्य विषय की भौतिक (Physical) कक्षाओं के साथ–साथ ऑनलाइन प्रक्रिया भी मान्य होगी।

उक्त आदेश मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक–07.05.2026 के अनुक्रम में निर्गत किया जा रहा है। अतः समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त संकायाध्यक्ष / निदेशक / प्राचार्य / विभागाध्यक्ष / शोध निर्देशक / शोध छात्र को उपरोक्तानुसार कार्यवाही हेतु।
2. परीक्षा नियन्त्रक वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3. वित्त अधिकारी वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. उप कुलसचिव, शैक्षणिक।
6. समस्त प्रशासनिक अधिकारी।
7. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को वि0वि0 के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव